# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय की छात्रा कोमल तिवारी ने रचा इतिहास, बनीं इंडियन नेवी में सब लेफ्टिनेंट

पंतनगर। 3 जुलाई 2025। विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय की छात्रा कोमल तिवारी ने एक बड़ा मुकाम हासिल करते हुए भारतीय नौसेना में लॉजिस्टिक कैडर के तहत सब लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुई हैं। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। कोमल ने कठिन परिश्रम और समर्पण से यह सिद्ध किया है कि कोइ भी मंजिल असंभव नहीं होती, यदि जुनून और दिशा सही हो। उनकी इस उपलब्धि पर कृषि व्यवसाय प्रबन्धन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. आर.एस. जादौन, संकाय सदस्य एवं समस्त कर्मियों ने बधाई दी। कोमल तिवारी ने यह साबित किया है कि बेटियां न केवल पढ़ाई में आगे हैं, बल्कि देश की सेवा में भी पीछे नहीं हैं। उनकी यह सफलता अगली पीढ़ी के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी।